**Need to declare holiday on the occasion of Ashoka Jayanti-Laid**

श्री नीरज मौर्य **(**आंवला**) :** हमारे भारत की पहचान अशोक की लाट अर्थात अशोक का चिन्ह से है । भारतवर्ष में महान शासक सम्राट अशोक के अनुयायी पूरे भारत देश में असंख्य संख्या में रहते हैं जो प्रत्येक वर्ष सम्राट अशोक की जयंती धूमधाम से मनाते है । हमारे देश भारत का चिन्ह (अशोक की लाट) जिनके नाम से है, उस महान अशोक की जयंती सरकारी स्तर से भी मनाई जानी चाहिए । अत: मैं सरकार से मांग करता हूँ कि (अशोक जयंती) सम्राट अशोक की जयंती पर एक दिवसीय अवकाश की घोषणा की जाए ।